क्या आपका नाम पंजीकृत है?

REGISTERED ?

क्या आपका नाम पंजीकृत है?

जब आपने इस पृथ्वी पर जन्म लिया तब आपके माता पिता ने एक जन्म मरण के पंजीकरण के कार्यालय में आपके जन्म को पंजीकृत किया। उसके अलावा आपका नाम दुसरे कई भिन्न भिन्न जगहों पर पंजीकृत किया है, उदहारण के लिए,

- जब आप को विद्यालय में भर्ती किया गया
- जब आपको नौकरी मिली
- जाब आपने भूमि या घर खरीदा
- जब आपने अपने वाहन का बिमा करवाया
- जब आपने बेंक में खाता खुलवाया
- जब आपको राशनकार्ड मिला
- जब आपको इलेक्शन कार्ड मिला
- जब आपने अपने घर के लिए विद्युत कनेक्शन प्राप्त किया

अगर इस नाशमान संसार में जीने के लिए इतने अधिक जगहों पर अपना नाम पंजीकृत करवाना आवश्यक है, तो स्वर्ग के विषय में क्या? अगर आप मृत्यु के बाद, आनंद और शांति के साथ अविनाशी अनन्तकाल मे जीवन जीना चाहते है तो क्या स्वर्ग में आज ही आपका नाम पंजीकृत करवाना जरुरी नहीं है? हां, आपका नाम अभी ही वहा पंजीकृत किया जाना चाहिए।

वहां आपका नाम पंजीकृत किए जाने के लिए आपको क्या करना होगा? उसके लिए आपको परमेश्वर के स्वर्गीय परिवार का एक अंग होकर जन्म लेना होगा। इसके बारे में पवित्र शाश्त्र में इस प्रकार लिखा है, परन्तु जितनों ने उसे ग्रहण किया, उस ने उन्हें परमेश्वर के सन्तान होने का अधिकार दिया, अर्थात उन्हें जो उसके (प्रभु येशु के) नाम पर विश्वास रखते हैं (युहन्न्ना 1:12)। प्रभु येशु पर पूरे ह्रदय से विश्वास करके, उसे

अपना व्यक्तिगत उद्धारकर्ता और परमेश्वर के रूप में स्वीकार करने से आप उसकी संतान बन जायेंगे। उसने ही आपके पापों की साजो को अपने ऊपर ले लिया और कलवरी क्रूस पर आपके लिए मर गया। न केवल वह मरा, परन्तु तीसरे दिन फिरसे जीवित भी हुआ और सदा के लिए जीवित है। अपनी छोटी उमर से लेकर अभी तक किये हुए सभी पापों को यदि आप पश्च्याताप के साथ अंगिकार करेंगे, तब वह आपके पापों को क्षमा करके, अपनी संतान के रूप में ग्रहण करेगा। वह आपके ह्रदय को अपने आनंद और शान्ति से भरेगा। इस प्रकार उसकी संतान बने हुए लोगो को जो इस संसार में रहेते है उसे वह कहेता है, इस से आनंदित हो की तुम्हारे नाम स्वर्ग पर लिखे है (लूका 10:20)। प्रभु येशु पर विश्वास करके, पापों की क्षमा को प्राप्त किए हुए लोगो के नाम स्वर्ग में पंजीकृत है। जैसा पवित्र शाश्त्र कहेता है, जो कोई परमेश्वर से जन्मा है, वह पाप नहीं करता (1 युहन्ना3:9),

ऐसे लोगो को आगे से पाप नहीं करने और पवित्र जीवन जीने के लिए येशु अनुग्रह करता है। जब प्रभु

येशु कलवरी क्रूस पर आपके लिए मारा, तब उसने न केवल आपके पापों को, परन्तु आपके रोगों को भी उठा लिया। इस लिए उस पर विश्वास करने वाले लोग असाध्य रोगों से भी चंगाई पाकर तंदुरस्त जीवन जी सकते है।

अगर ऐसा हे, तो जिनका नाम स्वर्ग में पंजीकृत नहीं हुआ है उनका अंत क्या होगा? मृत्यु के बाद उन पर आने वाले न्याय के बारे में लिखा है, और जिस किसी का नाम जीवन की पुस्तक में लिखा हुआ न मिला, वह आग की झील में डाला गया (प्रकाशित वाक्य 20:15)।

प्रभु येशु का लहू आपके पापों को दूर करके आपको क्षमा देता है। उसका क्रूस आपके श्रापों को दूर करके आपको आशीष देता है। उसके कोड़े आपको आपाकी बिमारी में चंगाई देते है। उसकी मृत्यु आपके मृत्यु के डर को दूर करके हियाव देती है। प्रभु येशु के जीवन से आप अनन्त जीवन भी प्राप्त करेंगे। आपका नाम पृथ्वी पर नहीं, स्वर्ग में पाई जाने वाली जीवन की पुस्तक में लिखा जाएगा। जो यह संसार नहीं दे सकती एसी सच्ची शान्ति और ख़ुशी को प्राप्त करने और मृत्यु के बाद स्वर्ग में प्रवेश करने के सौभाग्य को प्राप्त करने के लिए आज प्रभु येशु मसीह के पास आयें। प्रभु येशु पर विश्वास करके निम्नलिखित प्रार्थना करें:

प्रभु येशु, मैं तुझ पर विश्वास करके अपने पूरे जीवन को तुझे अर्पण करता हूं। तेरे पवित्र लहू से मेरे सारे पापों को धो दीजिये और मुझे पवित्र कीजिए। मुझे अपने संतान के रूप में स्वीकार करे और अभी मेरा नाम स्वर्ग में पंजीकृत कीजिए। अब से मैं जीवन भर तेरे संतान होकर ही जिऊँगा। आमीन।